संक्षेप में

अजमेरा रियल्टी की बिक्री बुकिंग 13 प्रतिशत घटी

रियल एस्टेट कंपनी अजमेरा रियल्टी ऐंड इन्फ्रा इंडिया लिमिटेड की बिक्री बुकिंग जनवरी-मार्च तिमाही के लिए 13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 250 करोड़ रुपये रही। हालांकि पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में यह छह प्रतिशत बढ़कर 1,080 करोड़ रुपये रही। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि उसकी बिक्री बुकिंग पिछले साल 2023-24 की चौथी तिमाही में 287 करोड़ रुपये रही थी। अजमेरा रियल्टी ने बयान में कहा कि पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में उसकी बिक्री बुकिंग छह प्रतिशत बढ़कर 1,080 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,017 करोड़ रुपये रही थी। अजमेरा रियल्टी ऐंड इन्फ्रा इंडिया लिमिटेड के निदेशक धवल अजमेरा ने कहा कि यह कंपनी के लिए एक अच्छा वर्ष रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारी बिक्री बुकिंग (पिछले वित्त वर्ष में) 1,080 करोड़ रुपये रही हैं। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद, हमारी रणनीतिक परियोजना पेश हुई है।' *भाषा*

एनबीसीसी ने की 560 मकानों की ई-नीलामी

सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी ने ग्रेटर नोएडा में ई-नीलामी के जरिये 1,153 करोड़ रुपये में 560 मकान बेचे हैं। एनबीसीसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के एस्पायर लीजर पार्क में 560 आवासीय इकाइयों को ई-नीलामी के माध्यम से बेचा है। यह बिक्री लगभग 1,153.13 करोड़ रुपये की है। एनबीसीसी को बिक्री मूल्य का एक प्रतिशत विपणन शुल्क मिलेगा। कंपनी ने कहा कि उसने ग्रेटर नोएडा में ई-नीलामी के जरिये 1,185 इकाइयां 1,504.69 करोड़ रुपये में बेची हैं। एनबीसीसी ने 'ग्रेटर नोएडा के एस्पायर ड्रीम वैली में, 1,185 आवासीय इकाइयों की सफलतापूर्वक ई-नीलामी की है, जिससे कुल 1504.69 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।' *भाषा*

कर छूट और ग्राहकों की जेब के बीच फंसा रियल्टी क्षेत्र

गुलवीन औलख और संकेत कौल
नई दिल्ली, 11 अप्रैल

उद्योग के कुछ लोगों का मानना है कि 2025-26 में मकान खरीदने का रुख करेंगे लोग

रियल एस्टेट डेवलपर इस बात पर दांव लगा रहे हैं कि इस साल के बजट में दी गई कर राहत की घोषणाओं का लाभ रियल एस्टेट क्षेत्र को मिलेगा या नहीं। उन्हें उम्मीद है कि छूट से किफायती और मझोली श्रेणी के आवासों की मांग फिर से बढ़ेगी भले ही मकानों के बाजार में सुस्ती दिख रही हो।

उद्योग के वरिष्ठ अधिकारी और कर योजनाकारों के मुताबिक ऐसे कयास वैश्विक मंदी की आशंका के कारण भी लगाए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ता बचत करने या शिक्षा जैसे जरूरी खर्चों को प्राथमिकता दे सकते हैं।

एंड्रोमेडा रियल्टी एडवाइजर्स की मूल कंपनी एंड्रोमेडा सेल्स ऐंड डिस्ट्रीब्यूशन के सह-मुख्य कार्य अधिकारी सुनील देवाली ने कहा, 'कम करों के कारण जब लोगों के पास खर्च करने योग्य ज्यादा पैसा होता है तो यह अतिरिक्त रकम डाउन पेमेंट में चली जाती है जिससे ज्यादा ऋण की पात्रता बढ़ जाए या महीने की किस्त का आसानी से प्रबंध करने में मदद मिले। कई लोगों के लिए यह अतिरिक्त वित्तीय छूट घर खरीदने का भी मौका हो सकती है जिसे वे लंबे समय से टाल रहे थे।' हालांकि, लोगों की पसंद व्यक्तिगत वित्तीय नियोजन या व्यापक बाजार धारणा पर निर्भर करेगी। लेकिन उद्योग जगत के कुछ लोगों का मानना है कि साल 2025-26 में लोग मकान खरीदने का रुख करेंगे।

गुरुग्राम में मध्य आय वर्ग के लिए मकान बनाने वाली सिग्नेचर ग्लोबल के संस्थापक और चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा, 'दो से चार करोड़ रुपये तक के मध्यम आकार के मकानों में लोगों की दिलचस्पी आने की उम्मीद है। खासकर इसमें वैसे लोग अपनी दिलचस्पी दिखाएंगे जो किफायती मकान चाहते हैं और जो हर महीने होने वाली बचत में हुए बदलाव का लाभ उठाना चाहते हैं।' उन्होंने कहा कि कर व्यवस्था में हुए बदलाव ने लोगों की हर महीने की बचत में सुधार कर दिया है और परिवारों को अपने वित्त का जायजा लेने और मकान खरीदने पर विचार की सुविधा दी है।

रियल एस्टेट में इक्विटी निवेश 74 फीसदी बढ़ा

कैलेंडर वर्ष 2025 की पहली तिमाही में रियल एस्टेट में इक्विटी निवेश एक साल पहले के मुकाबले 74 फीसदी बढ़कर 2.9 अरब डॉलर हो गया है। रियल एस्टेट कंसल्टिंग फर्म सीबीआरई साउथ एशिया की रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। पिछले साल की पहली तिमाही में यह 1.7 अरब डॉलर था।

कुल इक्विटी निवेश में बेंगलूरु, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर की करीब 67 फीसदी हिस्सेदारी रही। एक तिमाही पहले के मुकाबले निवेश में 13 फीसदी का इजाफा हुआ है। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान निवेश मुख्य रूप से डेवलपर गतिविधियों और रियल एस्टेट निवेश ट्रस्टों (रीट्स) और संस्थागत निवेशकों की महत्त्वपूर्ण रुचि के कारण हुआ।

भूमि या विकास स्थल और निर्मित कार्यालय परिसंपत्तियों में साल की पहली तिमाही के दौरान कुल निवेश की करीब 74 फीसदी हिस्सेदारी रही।। रीट्स से बढ़े निवेश के कारण समीक्षाधीन तिमाही में खुदरा परिसंपत्तियों की हिस्सेदारी 5 प्रतिशत रही जो पिछली तिमाही के मुकाबले 13 फीसदी अधिक है।

आवासीय मांग में नरमी के बीच डेवलपर दर्ज करेंगे मिलेजुले परिणाम

प्राची पिसाल
मुंबई, 11 अप्रैल

देश के प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट डेवलपर वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में बिक्री और राजस्व के लिहाज से तिमाही प्रदर्शन में मिलेजुले नतीजे दर्ज कर सकते हैं। उनमें से कुछ पेशकश में देरी की वजह से प्री-सेल्स के अपने अनुमान से चूक गए हैं तो शीर्ष भारतीय शहरों में आवासीय मांग भी नरम बनी हुई है। इंडिया रेटिंग्स ऐंड रिसर्च के निदेशक महावीर जैन ने कहा, 'पिछले तीन साल में देखी गई प्री-सेल और मूल्य वृद्धि में दमदार लाभ शामिल रहा है। इस तरह बहीखाते के लाभ में सालाना आधार पर सुधार की संभावना है। हालांकि बिक्री की धीमी रफ्तार के कारण संग्रह और परिचालनगत नकदी प्रवाह शून्य से 5 प्रतिशत पर कमजोर रहने की आशंका है जबकि निश्चित लागत और कारोबार वृद्धि की प्रतिबद्धताएं अधिक बनी हुई हैं।

आम तौर पर जनवरी से मार्च की अवधि को रियल एस्टेट के लिए दमदार माना जाता है। एचएसबीसी रिसर्च के विश्लेषकों के अनुसार वित्त वर्ष 24 तक इंडेक्सेशन लाभ के अतिरिक्त वर्ष का दावा करने के लिए खरीदारों को मार्च में मकान खरीदने में तेजी लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। लेकिन इस साल कर नीति बदलाव में रियल एस्टेट का इंडेक्सेशन हटाए जाने के कारण मार्च में तत्काल खरीदारी की होड़ नहीं रही।

उन्होंने कहा कि कमजोर इक्विटी बाजार के असर ने भी चौथी तिमाही में मकान खरीदारों के फैसले टाल दिए। प्रॉपर्टी क्षेत्र की परामर्श एनारॉक के अनुसार वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में देश के प्रमुख सात शहरों में मकानों की बिक्री 28 प्रतिशत घट गई। भू-राजनीतिक प्रतिकूल हालात के साथ-साथ आवासीय कीमतें बहुत अधिक होने से ऐसा हुआ।

एनारॉक समूह के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, 'रियल एस्टेट क्षेत्र में मंदी सीधे तौर पर बुकिंग की संख्या को प्रभावित करेगी। कई डेवलपर नकदी प्रवाह के लिए प्री-सेल्स पर काफी ज्यादा निर्भर हैं। इसलिए इस गिरावट से राजस्व वृद्धि को नुकसान पहुंच सकता है।' मांग में नरमी के बावजूद मैक्रोटेक डेवलपर्स (लोढ़ा) और गोदरेज प्रॉपर्टीज ने वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में अपनी प्री-सेल में क्रमशः 32 प्रतिशत और 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

लुल्ला बने एनारॉक के कार्यकारी उपाध्यक्ष

रियल एस्टेट परामर्श कंपनी एनारॉक ग्रुप ने विक लुल्ला को कार्यकारी उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। वह अमेरिका में वाणिज्यिक पट्टे और परामर्श सेवाओं को देखेंगे। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि विक लुल्ला को 25 साल से अधिक नेतृत्व का अनुभव है, जिसमें वैश्विक वाणिज्यिक रियल एस्टेट लेनदेन और सलाहकार क्षेत्र में एक दशक का अनुभव शामिल है। *भाषा*

भारत में सबसे तेजी से बिकने वाला ईवी बना एमजी विंडसर

अंजलि सिंह
मुंबई, 11 अप्रैल

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने घोषणा की है कि उसका इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) एमजी विंडसर पेश किए जाने के महज छह महीने के भीतर 20,000 की बिक्री हासिल करने वाला सबसे तेजी से बिकने वाला इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल बन गया है।

मार्च 2025 तक जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर के पास ईवी श्रेणी में 31 प्रतिशत खुदरा बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली, जो केवल टाटा मोटर्स से पीछे है, जिसके पास 38 प्रतिशत हिस्सेदारी है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में एमजी ने 28 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ कुल 30,162 वाहन बेचे, जबकि टाटा मोटर्स ने 53 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ 57,616 वाहन बेचे। जनवरी 2024 और मार्च 2025 के बीच एमजी मोटर ने भारत के ईवी बाजार में लगातार अपनी मौजूदगी बढ़ाई और मासिक बाजार हिस्सेदारी दिसंबर 2024 में बढ़कर 41.29 प्रतिशत के शिखर पर पहुंच गई है, जबकि जनवरी 2024 में यह हिस्सेदारी 14.12 प्रतिशत थी। एमजी की मासिक ईवी बिक्री जनवरी 2024 की 1,203 से बढ़कर मार्च 2025 तक 3,889 तक पहुंच गई।

दिल्ली एयरपोर्ट 2 साल में ग्लोबल हब के मानदंडों तक पहुंच सकता है : डायल

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 11 अप्रैल

अंतरराष्ट्रीय यात्री ट्रैफिक में लगातार वृद्धि और कनेक्टिंग उड़ानों में खासे सुधार की वजह से उम्मीद है कि दिल्ली एयरपोर्ट अगले दो साल में वैश्विक हब के कई मानदंडों को पूरा कर लेगा। दिल्ली इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) के मुख्य कार्य अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एक वैश्विक परामर्श अध्ययन ने उन प्रमुख मानदंडों की पहचान की है, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय हब के रूप में पात्रता हासिल करने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट को पूरा करना होगा - और दिल्ली उन लक्ष्यों के करीब पहुंच रही है।

जयपुरियार ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, 'परामर्श फर्म ने दुनिया भर में हब का संचालन किया और भारतीय हब के लिए बेंचमार्क तैयार किया। इसने कहा कि वैश्विक हब बनने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर करीब 2.4 करोड़ का अंतरराष्ट्रीय ट्रैफिक होना चाहिए। जब यह अध्ययन किया गया था, तब हमारा अंतरराष्ट्रीय ट्रैफिक तकरीबन 1.8 करोड़ था। पिछले साल, 2024-25 में हम करीब 2.16 करोड़ तक पहुंच गए। हमें उम्मीद है कि अगले एक से दो साल में हम प्रति वर्ष 2.4 करोड़ अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का आंकड़ा पार कर लेंगे।'

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिंग ट्रैफिक, जो हब की ताकत का प्रमुख संकेतक है, में भी महत्वपूर्ण प्रगति नजर आई है। मुख्य कार्य अधिकारी ने कहा, 'अध्ययन में यह भी पाया गया कि अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिंग ट्रैफिक - चाहे वह घरेलू से अंतरराष्ट्रीय (डी-आई) हो या अंतरराष्ट्रीय से अंतरराष्ट्रीय (आई-आई) और अंतरराष्ट्रीय से घरेलू (आई-डी) ऊपर बताए गए 2.4 करोड़ ट्रैफिक में से 70 लाख होना चाहिए, जो कुल अंतरराष्ट्रीय ट्रैफिक का 33 प्रतिशत होगा। दिल्ली एयरपोर्ट वर्तमान में 60 लाख अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिंग ट्रैफिक को संभालता है। इसलिए यह एक बड़ा सुधार है।'

एयरटेल के अखिल गुप्ता जेप्टो के बोर्ड में

क्विक कॉमर्स यूनिकॉर्न जेप्टो ने भारती एयरटेल की मूल कंपनी भारती एंटरप्राइजेज के वाइस चेयरमैन अखिल गुप्ता को अपने निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। कंपनी अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की तैयारी कर रही है। गुप्ता भारती एयरटेल (साल 2002), भारती इन्फ्राटेल (साल 2012) और एयरटेल अफ्रीका (साल 2019) की सार्वजनिक सूचीबद्धता करा चुके हैं। उम्मीद है कि वह जेप्टो को अपनी विशेषज्ञता सेवा प्रदान करेंगे। कंपनी इस साल के आखिर में शेयर बाजार में उतरने की योजना बना रही है। वर्तमान में जेप्टो के सह-संस्थापक आदित पालिचा और कैवल्य वोहरा, अवरा की संस्थापक अनु हरिहरन और नेक्सस वेंचर पार्टनर्स के सह-संस्थापक तथा प्रबंध निदेशक सुवीर सुजान जेप्टो के निदेकश मंडल में शामिल हैं। *बीएस*

'एआई को ज्यादा तेजी से अपनाएंगे भारतीय'

आशिष आर्यन
नई दिल्ली, 11 अप्रैल

नंदन नीलेकणि ने कहा कि भारत में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस को बड़े पैमाने पर अपनाने की रफ्तार बहुत तेज होगी

भारत में पिछले 15 वर्षों के दौरान हुई तकनीकी प्रगति के कारण देश के आम लोग आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) को दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले तेजी से अपना सकते हैं। यह बात इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि ने कार्नेगी टेक्नॉलजी समिट 2025 में कही।

उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से एआई अपनाने के कारण ही इस प्रौद्योगिकी का विकास भी तेजी से होगा। नीलेकणि ने कहा, 'अगर आप पिछले 10 से 15 वर्षों में भारत में जो कुछ हो रहा है, उसे देखेंगे तो पाएंगे कि जब स्मार्टफोन आने शुरू हुए थे तो लोग शुरू में उस फोन का इस्तेमाल सिर्फ बातचीत अथवा मनोरंजन के लिए करते थे और उसमें भी पश्चिमी देशों का दबदबा होता था। साल 2015-16 के आसपास आधार, यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) आदि के आने के साथ ही भारत में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ने लगा था और देश अधिक आधुनिक हो गया था।' उन्होंने कहा कि डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को तेजी से अपनाने के अलावा वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के मुकाबले संतुलन घरेलू प्रौद्योगिकी कंपनियों की ओर चला गया और इन्हें उद्यम पूंजी से धन मुहैया हुआ।

चूंकि भारत में स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़कर 90 करोड़ से अधिक हो गई है। ये फोन रीइमैंजनिंग कार्य का आधार बनेंगे जहां लोग फोन से नौकरी खोजेंगे और फोन पर ही अपने क्रेडेंशियल और अन्य लाभ हासिल करेंगे। नीलेकणि ने कहा कि फोन की बढ़ती पैठ के साथ अब डिवाइस की मूल भाषा भी हिंदी और अंग्रेजी के इतर अन्य भारतीय भाषाएं हो जाएंगी जिससे प्रौद्योगिकी तक पहुंच और आसान हो जाएगी। मोबाइल फोन के लिए इंटरफेस भी टाइपिंग से टच और टच से वॉयस और वीडियो तक हो जाएगा।

मदर डेयरी कलकत्ता
डाकघर - डानकुनी कोल कॉमप्लेक्स
जिला - हुगली, पिन - 712310

संदर्भ सं.: डब्ल्यूबीएमडीसी/पीयूआर/25-26/001, दिनांक: 11.04.2025
मदर डेयरी कलकत्ता द्वारा **वार्षिक दर संविदा आधार पर "औद्योगिक स्तर के नॉन-आयोडाइज्ड सामान्य नमक"** की आपूर्ति के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण के लिए कृपया **www.wbtenders.gov.in** तथा **www.motherdairycalcutta.com** देखें। ऑनलाइन प्रस्ताव अपलोड करने की अंतिम तारीख **28.04.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक** हैं।
मुख्य महाप्रबंधक

OFFICE OF THE COUNCILLORS, BARUIPUR MUNICIPALITY
Kulpi Road, Baruipur, South 24 Pgs, Kolkata - 700144

E-tender: Online bids are invited by the undersigned from reputed Agency/Vendor/Contractor for (1) Estimate for Concrete Road & Drain (22 Nos Serial work) in different wards under Baruipur Municipality vide e-NIT - **WBMAD/ULB/BM/NIT-01(e)/2025-26**, last date: 25.04.2025 up to 9 AM. Details information may be obtained during office hours 11 AM - 5 PM. Website: wbtenders.gov.in
Sd/-
Executive Officer,
Baruipur Municipality

Office of The Hooghly Zilla Parishad
P.O.-Chinsurah, Dist.-Hooghly

N.I.T. No. : **HGL/N-001, 002/003/2025-26**. For details log on to "e-procurement" link under **https://wbtenders.gov.in** and **http://www.hooghlyzp.org** Website.
Sd/- District Engineer
Hooghly Zilla Parishad

NOTICE INVITING e-TENDER

Sealed Tenders are hereby invited from the eligible consultants in connection with the execution of 1 no of scheme under NIeT No. **2/WBSRDA/MD/2025-26** [1st Call]. The details will be available in the website **htpp://wbtenders.gov.in**.
Sd/-
Executive Engineer
WBSRDA,
Murshidabad Division

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे क्लाईंट, **मेसर्स मुथूट फाईनान्स लि. (GSTIN 32AABCT0343B1Z7), पंजीकृत कार्यालयः तल 2, मुथूट चेम्बर्स, बैनर्जी रोड, कोच्चि–682018, केरल, भारत, CIN: L65910KL1997PLC011300, दूरभाषः +91 484-2396478, 2394712, फैक्सः +91 484-2396506, mails@muthootgroup.com, www.muthootfinance.com** ऋण चुकाने में असफल ऋणियों के गिरवी रखे सोने के गहनों (**31.03.2022** की अवधि तक के **NPA** खातों) की निम्नलिखित विवरणों के अनुसार नीलामी करेगी। इच्छुक सभी व्यक्ति भाग ले सकते हैं।

प्रथम नीलामी की तिथि: 21.04.2025
छपरा-(बि) (2899): MUL-5537, 5539, 6804, 7068
द्वितीय नीलामी की तिथि: 23.04.2025, नीलामी स्थान: मुथूट फाईनान्स लिमिटेड, प्रथम तल, 338/339, साहेबगंज, कचेरी रोड, छपरा, बिहार-841301
प्रथम नीलामी की तिथि: 21.04.2025
बक्सर-(बि) (3849): MOL-509, 664, MUL-2484, 3635, RGL-199
द्वितीय नीलामी की तिथि: 24.04.2025, नीलामी स्थान: मुथूट फाईनान्स लिमिटेड, पहली मंजिल, पीपी रोड, एचडीएफसी बैंक के ऊपर, बक्सर, बिहार-802101
प्रथम नीलामी की तिथि: 21.04.2025
पटना-कदमकुआं (1686): MAL-475, MSL-10997, **पटना-हनुमान नगर (3189):** MUL-4509, 4566
द्वितीय नीलामी की तिथि: 25.04.2025, नीलामी स्थान: प्रथम तल, कुमार कॉम्प्लेक्स, खाजपुरा, पोस्ट ऑफिस-बी.वी. कॉलेज, थाना-राजा बाजार, पटना-800014
प्रथम नीलामी की तिथि: 22.04.2025
रायपुर-सुंदर नगर (4263): MHL-83
द्वितीय नीलामी की तिथि: 23.04.2025, नीलामी स्थान: पहली मंजिल, दत्ता कॉम्प्लेक्स, अनुपम गार्डन के सामने, वरुण होंडा के ऊपर, जी.ई रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001

नीलामी नीचे दिखाए अनुसार जिस शाखा हेड में ग्राहक का ऋण खाता है क्रमशः उन्हीं शाखाओं में संचालित की जाएगी। हालाँकि, कृपया यह ध्यान रखें कि यदि निर्धारित तिथि (तिथियों) में नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती तो ऐसी नीलामी **द्वितीय नीलामी की तारीख** को क्रमशः **दिये गए नीलामी केंद्र** में संचालित की जाएगी/जारी रहेगी आगामी और ऐसी स्थिति में जहाँ इस सब के बावजूद कथित गहनो की नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती ऐसी नीलामी आगामी तिथियों में भी इसी स्थान पर जारी रहेगी। इस संबंध में कोई अतिरिक्त सूचनाएं नहीं दी जाएंगी।

कोहली एण्ड सोब्ती, एडवोकेट, ए 59ए, पहली मंज़िल, लाजपत नगर–II, नई दिल्ली–110024

नोटः ग्राहक नीलामी की निर्धारित तिथि से पहले हमारे क्लाइंट की बकाया राशि का भुगतान करके अपने गहनों की गिरवी छुड़ा सकते हैं। ग्राहक **ईमेल आईडीः recoverynorth@muthootgroup.com** या **7834886464, 7994452461** पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं।

HALDIA MUNICIPALITY
Dr. B.R. Ambedkar Bhavan, Administrative Building, City Centre, Debhog, Purba Medinipur - 721657, W.B.
Memo No - 1911/HM/2025 **Dated - 11/04/2025**
E-TENDER NOTICE
Haldia Municipality invites E-Tender from reputed agencies having credential of similar/civil nature of job related with **NIT No - 1942, 1948, 1953, 1957 to 1967 (in 1st Call) & NIT No - 1876 (in 2nd Call)**. Complete details can be obtained from **http://wbtenders.gov.in**
Sd/-
Executive Officer
Haldia Municipality

SRINIKETAN SANTINIKETAN DEVELOPMENT AUTHORITY (SSDA)
BOLPUR, BIRBHUM
e-Tender No.15 of 2024-25 (2nd Call) vide Tender Id No. 2025_SSDA_835465_1
E-tenders have been invited from this office for execution of the above mentioned works. For details see **wbtenders.gov.in**
Sd/-
Executive Officer
Sriniketan Santiniketan Development Authority

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क अचल सम्पत्ति.(यों)की ई–नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना
पंजीकृत कार्यालय : – 9 वीं मंज़िल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली –110001 फोन : – 011–23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : **www.pnbhousing.com**

जमशेदपुर शाखाः पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बढ़नी ट्रेड सेंटर, तृतीय तल, आर. रोड, बिष्टुपुर, जमशेदपुर–831001, झारखंड

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्ज़ा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करनेकी अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/TATA/0918/58436 2, बी.ओ.:जमशेदपुर, नीरज कुमार पांडे/ श्रीमती संध्या कुमारी	09.07.2021 तक रु. 2907586.82	भौतिक	वह सभी आवासीय फ्लेट फ्लेट न 02, प्रथम तल पर, 1240 वर्ग मीटर में फैले हुए हैं फ्रीट सुपर बिल्ड अप एरिया, गोकुल टॉवर के रूप में जानी जाने वाली बिल्डिंग में, रोड नं 15, जेवाहर नगर, मंगो, टाउन जमशेदपुर, जिला पूर्वी सिंहभूम, एक कार पार्किंग स्थल के साथ–साथ 0.41 डेसीमल मापने वाले गृहस्थी भूमि क्षेत्र के अविभाजित आनुपातिक हिस्से पर अधिकार के साथ, पुराने खाता नं 25 के तहत दर्ज, पुराना प्लॉट नं 207, 208 और 209, नए खाता नं 325 के अनुरूप, नए प्लॉट नं 977/5030 का हिस्सा, साथ ही सभी अधिकार शीर्षक, लाभ, विशेषाधिकार और सामान्य सेवाएं, आम सड़कों, गलियों के रास्ते आदि का उपयोग करके प्रवेश और निकास का अधिकार मौजा पारडीह, पी.एस: मंगो, थाना नं. 1641, वार्ड नं.9 (एमएनएसी), के साथ जिला उप–रजिस्ट्री कार्यालय अंचल और टाउन जमशेदपुर, परगना धालभूम और जिला पूर्वी सिंहभूम और झारखंड राज्य के अंतर्गत और संपत्ति शाखा सड़क पर स्थित है। संपत्ति इस प्रकार से जुड़ी और सीमित है:– उत्तर:में खुला आसमान से, दक्षिण में फ्लेट नंबर 01 से, पूर्व में खुला आसमान से, पश्चिम में: मार्ग सीढ़ी और लिफ्ट से	रु. 2776000	रु. 277600	29.04.2025	रु. 10,000	18.04.2025 10.00 पूर्वा. 5.30 अप.	30.04.2025 02.00 अप. 03.00 अप.	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। ''पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं सिवाय उनके जो कालम नंबर–के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाता(ओं) से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है।
1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। **2.** संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर–के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(सें) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। **3.** कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। **4. मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर–44, गुरूग्राम, हरियाणा–122003 वेबसाइट–**www.bankeauctions.com** सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी **प्रियांक सिन्हा संपर्क नंबर 18001208800**, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा **www.pnbhousing.com** पर देखें।

स्थान : जमशेदपुर, दिनांक : 12.04.2025 **प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
TATA POWER-DDL
रजि. आफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे केम्प, दिल्ली–110009
CIN No. U40109DL2001PLC111526, वेबसाइट: tatapower-ddl.com

निविदा सूचना आमंत्रित April 12, 2025

टाटा पावर–डीडीएल निम्न मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

| निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण | अनुमानित लागत/धरोहर जमा राशि (रु) | बोली दस्तावेज की बिक्री | बोली जमा करा